Title: Need for early completion of work of Damodar Rail Project.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : महोदय, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अंतर्गत दामोदर रेल विषयन का कार्य वर्ष १९८२ में ही प्रारम्भिक प्राक्कलन राशि करीब २०० करोड़ रुपए से आरम्भ किया गया है। वर्तमान में प्राक्कलन राशि में कई गुणा वृद्धि हुई है। इसका कारण प्रबंधन द्वारा धीमी गति से कार्य करना और अन्य बातें भी शामिल हैं।

परियोजना के काम में विलम्ब के कारण बोकारो-करगली कोयला खदान बंद के कगार पर है। कोयला मजदूर और कर्मचारी अधिशेष होते जा रहे हैं। कोयला मजदूर काम के अभाव में बैठ कर वेतन ले रहे हैं। परियोजना राशि में अप्रत्याशित वृद्धि से सरकारी राजस्व की हानि हो रही है। परियोजना का काम पूरा नहीं हुआ, परन्तु करीब ९० प्रतिशत विस्थापितों की नियुक्ति हो गई। परियोजना का कार्य शीघ्र पूरा होने पर इस क्षेत्र के लोगों को कई प्रकार के लाभ मिलेंगे और संबंधित कोयला खदानों में करीब २५-३० वर्षों तक के लिए कोयले प्राप्त होते रहेंगे।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि परियोजना कार्य की धीमी गति से चलने एवं व्याप्त अनियमितताओं की जांच कर परियोजना कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए।